# बढ़ रहीं आग की घटनाएं, शार्ट सर्किट बड़ी वजह

## भंडारपुर में भीषण आग से किसानों की फसल खाक, प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल

**सिवनी नवभारत। जिले भर में आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है।ज्यादातर घटनाएं शार्ट सर्किट की वजह से हो रही है। गत दिवस ग्राम भंडारपुर में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की खड़ी फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया। इस घटना ने किसानों को गहरे सदमे में डाल दिया है—मानो उनके खून-पसीने की कमाई और मुंह का निवाला एक ही पल में छिन गया हो। प्राकृतिक आपदा का यह कहर ग्रामीणों के लिए असहनीय साबित हुआ।**

बताया जाता है कि शासन द्वारा पूर्व में ही पंचायतों को निर्देश दिए गए थे कि टैंकरों में पानी भरकर रखा जाए तथा टांकों को दुरुस्त कर जल संचयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आपात स्थिति में पशु एवं जनहित में उपयोग हो सके। लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आई। अधिकांश पंचायतों में टैंकर रखरखाव के अभाव में जर्जर हालत में पड़े हैं, वहीं कई स्थानों पर टांके खाली पड़े हैं और उनमें पानी उपलब्ध नहीं है।

जब आग ने विकराल रूप धारण किया तो ग्रामीणों ने तत्काल मदद के लिए गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि सरकारी अमला समय पर मौके पर नहीं पहुंच सका। ऐसे में ग्रामीणों ने स्वयं की सूझबूझ और आपसी सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब



तक काफी नुकसान हो चुका था।

इस अग्निकांड में तीन किसानों—श्रीमती सबूदर बाई, बखत सनोडिया एवं दीपक सनोडिया—की गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई, साथ ही सिंचाई में उपयोग होने वाले नोजल पाइप भी जलकर खाक हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर किसान नेता डॉ. राजकुमार सनोडिया मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित किसानों से चर्चा के दौरान उनकी आपबीती सुनकर वे भावुक हो उठे। उन्होंने प्रशासन की अनुपस्थिति पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को कम से कम 60 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से क्षतिपूर्ति दी जानी चाहिए, क्योंकि क्षेत्र की भूमि अत्यधिक उपजाऊ है और यहां की फसल उत्पादन भी अधिक होता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर वास्तविक नुकसान का आंकलन करें और शीघ्र राहत प्रदान करें। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है और वे शासन-प्रशासन से त्वरित सहायता एवं उचित मुआवजे की अपेक्षा कर रहे हैं।

### आगजनी का मुआवजा शीघ्र दिलाया जाए : मरावी



सिवनी नवभारत। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि सिवनी नगर के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाएँ प्रति दिन सुनने को मिल रही है 27 मार्च 2026 को एक ही समय पर 4 स्थानों पर आग लगने के समाचार प्राप्त हुये बलारपुर गांव में रहवासी क्षेत्र में आग ने जोर पकड़ लिया जिसमें 12 घर सहित किराना की दुकान को चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली थी कि लोगो को अपने घरो से सामान निकालने का मौका भी नही मिला, इसी तरह कान्हीवाड़ा में रूई के गोदाम में भी भीषण आग लगने से सबकुछ जलकर राख हो गया, भण्डारपुर, खैरी मरझोर, कुरई क्षेत्र में खड़ी फसले पर आग लगने से भारी नुकसान हुआ है, सिवनी जिले में आग बुझाने वाले साधनो की अत्यधिक कमी है जिसके कारण समय पर आग नहीं बुझाई जा सकी, वर्षो से प्रत्येक विकास खंण्ड में फायर वाहन की मांग उठ रही है, निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नही दे रहें है। साल भर की कडी मेहनत के बाद अपनी फसल कटाई की उम्मीद लगाये किसान की सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। जिला कांग्रेस कमेटी जिला कलेक्टर से मांग करती है कि मकानों, दुकानों एवं फसलों को आगजनी से हुये नुकसान का आकलन कर शतप्रतिशत पीड़ितो को मुआवजा राशि अतिशीघ्र दे एवं आग से निपटने के साधनों का पर्याप्त मात्रा में इंतजाम करें।

### विधायक ने अग्नि पीड़ित किसानों का जाना हाल, स्वेच्छानुदान से दी आर्थिक सहायता



सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम सीलादेही एवं पिपरिया (पलारी) पहुंचकर अग्नि पीड़ित किसानों का हाल जाना तथा ढांढस बंधाकर स्वेच्छानुदान निधि से आर्थिक सहायता देने की घोषणा किया। इस दौरान आपने उक्त ग्रामों मे किसान बंधुओं के खेतों पर पहुंचे जली हुयी फसलों का निरीक्षण कर संवाद करते हुए ढांढस बंधाया।इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किसानों को तात्कालिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के आरबीसी प्रावधानों के अलावा पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर 2000 रुपये प्रति एकड़ एवं 5000 रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता विधायक स्वेच्छानुदान निधि दिये जाने की घोषणा किया। उक्त सहायता राशि माह अप्रैल के प्रथम सप्ताह मे किसान बंधुओं को प्रदान की जाएगी। ज्ञात हो कि बीते दिवस ग्राम सीलादेही मे लगभग 25 एकड़ और ग्राम पिपरिया (पलारी) मे 40 एकड़ कृषि भूमि पर खड़ी फसल अग्नि दुर्घटना का शिकार हो गयी थी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में महिला बाल विकास 11 विजयी



**सिवनी नवभारत।** स्थानी पीजी कॉलेज मैदान में विभागीय वार्म अप मैच खेले जा रहे हैं।आज का मैच महिला बाल विकास इलेवन के नाम रहा। जिसने टीचर इलेवन पर एक तरफा मैच हराया। मैच में महिला बाल विकास इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट पर 135 रन बनाए। महिला बाल विकास इलेवन की ओर से धनेन्द्र ने 19 बाल में 2 चौके, 2 छक्के लगाते हुए 30 रन बनाए, संतोष ने 13 बाल में 1 चौके,2 छक्के लगाते हुए 20 रन बनाए, शंशाक ने 27 बाल में 6 चौके, 6 छक्के लगाते हुए नाट आउट 71 रन बनाए , शंशाक ने इस टूर्नामेंट का पहला 50 रन 17 बाल में मारे।

टीचर्स इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए राम कुमार ने 2 ओवर में 22 पर 1 विकेट, भूपेन्द्र ने 1 ओवर में 20 पर 1 विकेट, शेष कोई भी गेंदबाज को सफलता नहीं मिली।

टीचर्स इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 78 रन बनाए ,जिसमें अजय ने 31 बाल पर 5 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 51 रन बनाए , शेष कोई भी बल्लेबाज नहीं जम पाये । महिला बाल विकास इलेवन की ओर से सुरेश ने 2 ओवर में 5 पर 2 विकेट, सुनील ने 2 ओवर में 13 पर 2 विकेट , अमित 1 ओवर में 10 पर 2 विकेट लिए। आज टीचर्स इलेवन की ओर से अजय ने 50 बनाये । इस टूर्नामेंट की दूसरा 50 लगा ।इस तरह महिला बाल विकास इलेवन ने दूसरा मैच खेलते हुए पहली जीत 57 से जीता।

# श्रीराम प्रकटोत्सव पर हुए विविध अनुष्ठान, निकली भव्य शोभायात्रा

**छपारा नवभारत।** विगत 27 मार्च दिन शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम भव्यता के साथ मनाया गया प्रकटोत्सव को लेकर नगर के मार्गो एवं चौक-चौराहों को विशेष रूप साज-सजावट एक सप्ताह पूर्व की गई वहीं श्रीराम प्रकटोत्सव पर छपारा नगर के बाजार स्थित श्री राम मंदिर पर दोपहर 12 जन्मोत्सव मनाया गया उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया जिसके बाद दिनभर श्रीराम मंदिर में भजन कीर्तन चला वहीं शाम लगभग 6.30 नगर के बैंनगंगा नदी के सिद्ध बाबा घाट प्राचीन शिव मंदिर मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्गो से होते हुए नगर में भ्रमण करते हुए बस स्टैंड परिसर और उसके बाद श्री राम मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई जहां महाआरती के बाद भंडारा प्रसादी वितरण किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ।



## एक नजर में

### अदिति दुबे ने 5वीं में 83 प्रतिशत अंक हासिल किए



सिवनी। जिले के ग्राम पंचायत सागर मोहली के ताखला की होनहार छात्रा अदिति दुबे ने कक्षा 5वीं की परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने गांव, विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है। अदिति, सुनील दुबे (पिता—पंडित शास्त्री महाराज) की सुपुत्री हैं और अपनी मेहनत व लगन से यह सफलता अर्जित की है। अदिति वर्तमान में व्हाइट फ्यूचर हायर सेकेंडरी स्कूल, कलारबाकी की छात्रा हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, अदिति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बोर्ड के निर्धारित मूल्यांकन नियमों के अनुसार आयोजित परीक्षा में उन्होंने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अदिति की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत ताखला में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरव का क्षण बताया है। वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहपाठी छात्र-छात्राओं ने अदिति को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई है कि अदिति भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करेंगी।

### छपारा में लगा स्वास्थ्य शिविर, उमड़ी मरीजों की भीड़



छपारा। नगर में मसीही समाज एवं मिशन स्कूल छपारा के संयुक्त तत्वावधान में 28 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 125 लोगों ने पहुँचकर अपनी बीमारियों के लिए विशेषज्ञों से चिकित्सकीय परामर्श लिया। इस स्वास्थ्य शिविर में लखनादौन के प्रसिद्ध मिशन अस्पताल की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। लखनादौन मिशन अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की गहन जाँच की। प्रसिद्ध सर्जन डॉ. स्टीफन टॉम जूड ने किया परामर्श शिविर के मुख्य आकर्षण आधुनिक दूरबीन पद्धति एवं सामान्य सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. स्टीफन टॉम जूड एमबीबीएस एम एस एवं मिशन स्कूल छपारा के स्टाफ की उपस्थित रही।

### 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट 31 मार्च से

सिवनी। जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी (लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट) 2026 का आयोजन 31 मार्च 2026 से सिवनी के पालिटेक्निक ग्राउंड किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की कुल 12 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार अलग-अलग पूलों में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजय मिश्रा, संयोजक कलाम खान तथा सचिव अब्दुल काबिज़ खान होंगे। आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे पहला सुबह 8 बजे एवं दूसरा दोपहर 12 बजे। 31 मार्च से 5 अप्रैल तक लीग मुकाबले आयोजित होंगे, जबकि 6 अप्रैल को सेमीफाइनल एवं 7 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित नियम एवं मुख्य बिंदु अनुसार- केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 या उसके बाद हुआ हो।, प्रत्येक टीम अधिकतम 16 खिलाड़ियों का स्क्वॉड रख सकेगी।, सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे एवं व्हाइट लेदर बॉल से खेले जाएंगे।

### ग्रीष्मकाल में बिजली सुरक्षा को लेकर विद्युत कंपनी की अपील

**सिवनी।** ग्रीष्मकाल के दौरान बढ़ती विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि शॉर्ट सर्किट अथवा किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या होने पर उपभोक्ता तुरंत टोल फ्री नंबर 1912, 'उपाय' ऐप या नजदीकी वितरण केंद्र में सूचना दें। कंपनी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग या स्विच में खराबी आने पर स्वयं सुधार करने के बजाय प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लेना आवश्यक है।

# घंसौर एसडीएम पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोप

**सिवनी नवभारत।** अनुविभागीय अधिकारी घंसौर बिशन सिंह जब से घंसौर पदस्थापना हुई है तब से ही अनिमितताओं भ्रष्टाचार आम हो गई है। सूत्र तो यह भी बताते है कि डिंडोरी जिले में पदस्थापना के दौरान करोड़ो का घोटाला भ्रष्टाचार किया गया था जिसका मामला उजागर होने के बाद भ्रष्टाचार में लिप्त एसडीएम बिसन सिंह समाचारों की सुर्खियों बटोर चुके है परंतु अपनी उच्चस्तरीय सेटिंग के चलते एसडीएम बिसन सिंह डिंडोरी कांट की कार्यवाही में राहत महसूस कर रहे है।

सूत्र बताते हैं कि घंसौर पदस्थापना के बाद से ही डिंडोरी जिले की तरह यहाँ भी भ्रष्टाचार की इबारत लिख रहे हैं बिना आर्थिक हित साधे लोगो का कोई काम नही होता। सूत्र तो यह भी बताते है कि जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए भी लोगो से पैसे की मांग की जाती है। एस डी एम बिसन सिंह और उनका स्टोनो गौरव राजोरिया के द्वारा जाति प्रमाण पत्र में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आर्थिक हित साधते हुए ऐसे ऐसे प्रमाण पत्र जारी किए गए जिनमे मूल दस्तावेज की कमी है और उन लोगो का प्रमाण पत्र का आवेदन निरस्त किया गया जिसमें सभी तरह की दस्तावेजों को पूर्ण किया गया। जाति प्रमाण पत्र के साथ साथ अन्य राजस्व मामले में भी घंसौर एस डी एम द्वारा गलत आदेश किया गया है जिसकी यदि जांच हो जाए तो घंसौर एस डी एम बिसन सिंह गोंड़ और उनका स्टेनो गौरव राजोरिया सहित अन्य के कारनामों से पर्दा उठ जायेगा।



# भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल का बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम, विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**घंसौर नवभारत।** घंसौर के भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में इस साल भी बेहतर प्रदर्शन रहा। विशेष बात यह रही कि सिवनी जिले के घंसौर क्षेत्र में सबसे उत्कृष्ट परिणाम भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल घंसौर के विद्यार्थियों का ही रहा जिसने पूरे जिले में विद्यालय की एक अलग ही पहचान स्थापित की मिली जानकारी के अनुसार पांचवी बोर्ड परीक्षा में अंबिका साहू पिता संतोष साहू 90 प्रतिशत, अनुश्री पिता ललित कुमार डेहरवाल 90 प्रतिशत, सिद्धेश धार्मिक पिता डी बी धार्मिक 90 प्रतिशत, त्रिवेणी सेन पिता विपिन कुमार सेन 89.50 प्रतिशत, अनिष्का राज पिता अरूण कुमार 89.25 प्रतिशत, निशांत डेहरिया पिता नीरज कुमार 88.75 प्रतिशत, संस्कृति उइके पिता सूरज प्रसाद उइके 88.75 प्रतिशत, दीपांशी वरकडे पिता मनोज वरकडे 88.50 प्रतिशत, शीतल नागेश पिता जमना नागेश 88.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है वहीं कक्षा 8 वी बोर्ड परीक्षा में भावा एकेडमी के छात्र-छात्राओं में आर्या अग्रवाल पिता गिरीश अग्रवाल 93.50 प्रतिशत, राधिका पटेल पिता सतेन्द्र पटेल 93 प्रतिशत, सोनाक्षी परिहार पिता महेश्वर परिहार 90.50 प्रतिशत, आशी तिवारी पिता सुनील तिवारी 90 प्रतिशत, आरशी जैन पिता प्रशांत कुमार जैन 89.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है, स्कूल शिक्षकों द्वारा सतत और आवश्यक मार्गदर्शन छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया जिसके चलते छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त किया है।

### लक्ष्य उइके का नवोदय विद्यालय में चयन



बरघाट। ग्राम आष्टा के विद्यालय के लक्ष्य पिता किशोर कुमार उइके ने नवोदय विद्यालय परीक्षा में 100 में से 85 अंक प्राप्त कर आल ओवर में 39 वी रैंक प्राप्त किया है, ग्राम आष्टा के ग्रोअप पब्लिक विद्यालय के छात्र लक्ष्य यह उपलब्धि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी ने लक्ष्य को शुभकामनाएं देकर उसके उजवल भविष्य की कामना करते है।

# खेरमाई मढ़िया मंदिर के जवारों का हुआ विसर्जन

**छपारा नवभारत।** नगर के सांदीपनि विद्यालय के पास स्थित खैर माई मढिया मंदिर में स्थापित 137 मनोकामना कलश एवं ज्वारों का विसर्जन 28 मार्च दिन शनिवार की शाम को निकाली गई शोभायात्रा के साथ हुआ जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए कलशों एवं जवारे के साथ विसर्जन शोभायात्रा के दर्शन करने मार्गों के दोनों ओर बड़ी संख्या जनसमुदाय भी एकत्रित हुए उक्त शोभायात्रा बस स्टैंड से शंकर मढिया तिराहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने से होते हुए नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर पहुंचकर संपन्न हुई जहां विधि-विधान पूर्वक पूजा एवं आरती कर विसर्जन किया गया।



## प्यासों के लिए राहत का पैगाम बना कौमी एकता कमेटी का सेवा अभियान





**सिवनी नवभारत।** भीषण गर्मी के बीच मानवता और सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायी मिसाल पेश करते हुए कौमी एकता कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क पानी के प्याऊ का शुभारंभ सफलतापूर्वक किया गया। 28 मार्च को अध्यक्ष असलम बाबा की दुकान के बाजू में आयोजित इस सेवा कार्य का शुभारंभ मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सेवा, समर्पण और भाईचारे का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जहां राहगीरों, मजदूरों और आमजन को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा जल्द ही शहर में आवश्यक स्थानों पर पानी के प्याऊ प्रारंभ किए जाएंगे।

**रामनवमी** — भव्य शोभायात्रा से धर्ममय हुआ नगर, फूलों से हुआ स्वागत, जगह-जगह सत्कार, बड़ी खेरमाई मंदिर से हुआ शोभायात्रा का शंखनाद

# भक्ति के रंग में रंगा केवलारी, श्रीराम जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

**केवलारी नवभारत।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर केवलारी नगर पूरी तरह राममय नजर आया। नगर में चारों ओर जय श्री राम के जयघोष और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय बड़ी खेरमाई मंदिर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्ति के सूत्र में पिरो दिया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर से विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद हुआ। मंदिर के प्रमुख डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा को लेकर भक्तों में



अभूतपूर्व उत्साह था। शोभायात्रा में शामिल झांकियां और प्रभु राम का स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। जैसे ही शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई, पूरा वातावरण भक्तिपूर्ण हो गया। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का स्वागत पलक-पावड़े बिछाकर किया गया। मुख्य मार्गों पर स्थानीय नागरिकों और विभिन्न समितियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। डॉ. तिवारी के अनुसार, नगर के हर चौक चौराहों पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे।

पेयजल एवं फल वितरण गर्मी को देखते हुए महिलाओं और बुजुर्गों के लिए शीतल पेयजल और फलों की व्यवस्था थी। बच्चों के लिए विशेष प्रबंध नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बिस्किट, चॉकलेट और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

स्वल्पाहार कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए फरारी नाश्ते का प्रबंध भी किया गया था। नगर के दुर्गा चौक पर उत्सव का स्वरूप और भी भव्य नजर आया। मंदिर समिति के सदस्य प्रमोद मोदी ने बताया कि इस पावन पर्व पर नगर में हर्षोल्लास का माहौल है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या श्रद्धा और आस्था का प्रमाण है, जो नगर के इतिहास में यादगार रहेगी।

### भंडारे में हुआ प्रसाद का वितरण

उत्सव का समापन सेवा भाव के साथ हुआ। संजीव अवधिया ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए दुर्गा चौक मंडी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। यहाँ हजारों भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक नगर में उत्सव का माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ धर्म लाभ लिया। प्रशासन और स्थानीय पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच यह गरिमामयी आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# श्री हनुमत चरित्र कथा संगीतमय सप्त दिवसीय आयोजन का श्रीगणेश

**उगली नवभारत।** गत दिवस नवरात्र पर्व के समापन के पश्चात श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर परिसर बाजार चौक उगली के दिव्य परिसर में संगीतमय श्री हनुमत चरित्र कथा,राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य श्री दिवाकर चौबे जी महाराज वृंदावन आपके मुखाग्र बिंद से किया जा रहा है,इस धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिवस पर उगली नगर स्थित मां खेड़ापति सिद्ध पीठ खैरमाई मंदिर परिसर से दिव्य शोभा कलश यात्रा बाजे गाजे, और आतीशबाजी के साथ आयोजक समिति और ग्राम वासियों की सौजन्य से समस्त मातायें-बहनों की उपस्थिति में पूरे उगली नगर भ्रमण देवताओं का आह्वाहन किया गया,नगर भ्रमण उपरांत शोभायात्रा का समापन कथा स्थल हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। गत दिवस प्रथम दिवस की कथा सायं 7 बजे से देर रात्रि तक



श्रोता गणों ने रसोस्वादन किया। प्रतिदिन इस दिव्य हनुमत कथा का श्रवण पान भक्त गण सायं 6 बजे से देर रात 11 बजे तक करेंगे, ग्रीष्मकालीन समय और हनुमत चरित्र कथा सुनने के लिए आयोजन समिति ने उगली समेत आसपास के क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील किया है, आयोजक समिति श्री हनुमान मंदिर बाजार उगली से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन कथा श्रवण कर प्रसाद किया जायेगा एवं श्री राम चरित्र मानस और श्री राम जी के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के दिव्य चरित्र का बखान , महाराज श्री के आशीर्वचन को सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में बाजार चौक उगली में उपस्थिति का आग्रह किया है । गत दिवस शोभा कलश यात्रा में मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी नागरिक प्रबुद्ध जन माताएं बहनें,बुजुर्ग और पुलिस थाना उगली से थाना प्रभारी एवं सुरक्षा बल बड़ी संख्या में नजर आए।